उद्योगपति गुलाब शुक्ला ने स्वयं के व्यय से बनवा दी 2 किमी सड़क

लोकार्पण समारोह में पहुंचे पटना और कौड़िहाई के हजारों ग्रामीणों ने जमकर की तारीफ

नवभारत न्यूज

कोटर 3 फरवरी, जहां भारत ने अंतरिक्ष मिशन भेजे, पहाड़ों पर राजमार्ग बनाए और एक्सप्रेसवे के जरिए अपने शहरों को जोड़ा, वहीं मध्य प्रदेश प्रदेश के सतना जिले के दो गांव 79 साल तक एक बेहद बुनियादी चीज यानी सड़क का इंतजार करता रहा। जहां आज सोमवार को पटना और कौड़िहाई के ग्रामीणों को वाहन चलाने योग्य चौड़ी सड़क मिली।

ये सड़क सरकार ने नहीं बनाई है, न ही किसी एनजीओ ने। करीब 2 किलोमीटर लंबी सड़क रेत-मिट्टी के गारे से बनी भले ही लगे, लेकिन हकीकत में ये सड़क मानवता की मिसाल को कायम करने वाले गुलाब शुक्ला खुद की कमाई से बनवाई है। ये दरअसल, एक सड़क नहीं, बल्कि एक %सबक% है दो जिले के लोगों के लिए, सूबे में फैली सियासत के लिए और उस सियासत को चला रहीं सरकारों के लिए यह एक मिसाल है। अब ये सड़क खेतों के अलावा लाखों दिलों को भी जोड़ती है। अब ये अन्नदाता की गरिमा, मर्यादा, आत्मसम्मान की सड़क है। जो पैगाम देती है.ग्रो इन इंडिया का। ग्रो इन इंडिया किसी नेता के भाषण से निकला सियासी जुमला लगता है। लेकिन है नहीं। ये गुलाब शुक्ला के पुरुषार्थ से निकला भरोसे का वाक्य है कि अगर मेक इन इंडिया की तरह कारखानों को दी जाने वाली मोहलत और संसाधन किसानों को, उनके खेतों को मिलें तो देश की तस्वीर बदलते देर नहीं लगेगी। ये सतना जिले और रीवा जिले की सीमा से सटे चित्रकूट विधानसभा

के दो गांव के उन ग्रामीणों की आवाज है, जिनमें पांच साल के बच्चे लेकर कांपते हाथों से लाठी थामने वाले उम्रदराज भी शामिल हैं। लेकिन तारीफ करनी होगी उद्योगपति गुलाब शुक्ला की इसी गांव में पले-बढ़े हैं। आज नि:स्वार्थ रूप से समाजसेवी के तौर पर खेती-किसानी के हालातों को उबारने में पूरी निष्ठा से लगे हैं। लेकिन ये कहानी पूरे गांव की कामयाबी की कहानी है। जो गुलाब शुक्ला की कर्मठता, आत्मविश्वास और जज्बे को बयां करती है। इनके प्रयास इतने सराहनीय और करोड़ों लोगों को प्रेरणा देने लायक है कि हमने इन्हें कुछ शब्दों के माध्यम से सहेजने की कोशिश की है। ताकि प्रधानमंत्री तक इनकी पुकार पहुंच सके। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में उन खेतों में जाने का मतलब मौत को दावत देना था। घुटनों तक पानी में घुसकर जाना पड़ता था।

सांप-बिच्छु का डर हमेशा बना रहता था। कब पैर के तलवे को कोई कांटा या नुकीला ईंट घायल कर दें, कुछ पता नहीं। इन हालातों से उबरने और ढेरों समस्याओं से निपटने के लिए हम सब ग्रामीण जनों को रू-ब-रू कराया गुलाब शुक्ला ने। खेतों में जाने के लिए सड़क नहीं थी। इसलिए सरकारी मुलाजिमों और गांव के सरपंच से मदद की गुहार लगाई। नतीजा सिफर रहा। किसी ने एक न सुनी। वर्षों तक खेतों और किसानों की बदहाली में कोई फर्क नहीं आया। आखिरकार गुलाब शुक्ला के मन में विचार कौंधा कि क्यों न पटना और कौड़िहाई की सड़क बनाई जाए। शुरू में तो ग्रामीणों ने इस विचार पर यकीन नहीं किया। कुछ एक ने विरोध भी जताया। लेकिन भारी जद्दोजहद के बाद सड़क बनाने का काम शुरू किया गया और आज यह सड़क पटना के ग्रामीणों को लोकार्पित पर दी गई। उक्त सड़क लोकार्पण का कार्यक्रम पटना गांव के देवी जी मंदिर परिसर में रखा गया जहां हजारों की संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण जन उपस्थित हुए। जिसमें वरिष्ठ जनों व पत्रकार साथियों का सम्मान समारोह भी रखा गया। जहां सभी ने इस सड़क के लोकार्पण कार्यक्रम को देख समाजसेवी जननेता गुलाब शुक्ला की तारीफ की और सभी ने स्वल्पाहार ग्रहण कर अपने-अपने गंतव्य को रवाना हुए।

कुलगुरु ने ली ग्रामोदय विवि के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक

अकादमिक कलेंडर का अक्षरश: पालन हो : प्रो. आलोक चौबे

- 8 से 12 फरवरी तक होगा ग्रामोदय महोत्सव

नवभारत न्यूज

चित्रकूट, 3 फरवरी । आज रजत जयंती भवन स्थित बोर्ड रूम में महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों की मासिक बैठक कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

इस अवसर पर अकादमिक, परीक्षा, प्रशासनिक और वित्त गतिविधियों के समयबद्ध संचालन हेतु अनेक निर्णय लिए गए। कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे ने परीक्षा संचालन एवं परिणाम के अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि अकादमिक कलेंडर का अक्षरश: पालन करते हुए समय पर परीक्षा करावे और परिणाम घोषित करें। निर्णय लिया गया कि आगामी 8 से 12 फरवरी के मध्य आयोजित ग्रामोदय महोत्सव के दौरान विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। आगामी सत्र 2026-27 में प्रवेश की तैयारी और प्रवेश के संबंध में मध्य प्रदेश शासन के निर्देशों को लेकर विमर्श हुआ। शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के जनवरी 2026 सत्र में प्रवेश हेतु 28 फरवरी तक चल रहे दूरवर्ती पाठ्यक्रमों में प्रवेश की स्थिति की समीक्षा के क्रम में कुलगुरु प्रो आलोक चौबे ने निर्देश दिए कि दूरवर्ती पाठ्यक्रमों के दोनों चरणों की परीक्षाओं के लिए परीक्षा तिथियां और परीक्षा केंद्र घोषित करने हेतु कार्यवाही की जाय। कुलगुरु प्रो. चौबे ने पूर्व बैठक में लिए गए निर्णयों के



पालन प्रतिवेदन के रूप में प्रस्तुत जानकारी और प्रगति के संबंध में निर्देश दिए कि परीक्षाओ का समयबद्ध कार्यक्रम तैयार करें, जिससे कोई भी सेशन लेट न हो। हर स्तर पर गतिविधियों के संचालन में विशेष ध्यान रखना चाहिए, ताकि अकादमिक कलेंडर का अक्षरश: पालन हो सके। उन्होंने कैंपस में जलापूर्ति की नियमित टेस्टिंग, फायर सेफ्टी, कैंटीन मॉनिटरिंग आदि के लिए निर्देश दिए। यूनिवर्सिटी कैंपस में वाई फाई की सशक्त व्यवस्था, ऑन लाइन पाठ्यक्रमों के संचालन, केंद्रीय पुस्तकालय का रीडिंग समय बढ़ाने, रुसा मद से पुस्तकों के क्रय की प्रगति, क्लास रूम में नए व्हाइट बोर्ड लगाने, सी एम हेल्प लाइन पोर्टल में प्राप्त शिकायतों के निराकरण आदि विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन दिया। कुलसचिव प्रो आर सी त्रिपाठी ने बैठक का संचालन और प्रकरणों को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कला, विज्ञान, प्रबंधन, कृषि, अभियांत्रिकी संकायों के अधिष्ठाता, अकादमिक और प्रशासनिक विभागाध्यक्ष, निदेशक सहित अकादमिक, प्रशासनिक, वित्त अधिकारी मौजूद रहे।

बैंक की अवैध पार्किंग से पूरे दिन बाधित होता है आवागमन

- कारोबार करोड़ों का पर पार्किंग की व्यवस्था नगर परिषद की मुख्य सड़क पर

नवभारत न्यूज

कोठी 3 फरवरी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी के मुख्य द्वार के ठीक सामने यूनियन बैंक की कोठी शाखा है जहां प्रतिदिन लगभग करोड़ों का कारोबार होता है परंतु यूनियन बैंक की पार्किंग व्यवस्था नगर परिषद की मुख्य सड़क पर है जिससे पूरे दिन आवागमन बाधित रहता है औथ दुर्घटनाएं तो होती ही है साथ में अन्य कई गंभीर समस्याओं का सामना लोगों को करना पड़ता है।

यह समस्या मुख्य रूप से सोमवार से लेकर शुक्रवार तक सुबह 10 से लेकर 4 बजे तक बनी रहती है जिसकी वजह से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आने वाली एंबुलेंस भी कई दफा परेशानी में पड़ जाती हैं साथ-साथ सड़क के अगल-बगल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने लोगों द्वारा बेजा अतिक्रमण किया गया है जिससे समस्या चार गुना और गंभीर हो जाती है और प्रशासन के द्वारा किए गए हर प्रयास विफल साबित हो रहे हैं क्योंकि यूनियन बैंक में आने वाले ग्राहक मुख्य सड़क पर ही अपना वाहन खड़ा करते हैं जिससे टू लाइन सड़क का एक हिस्सा पूरी तरह ब्लॉक रहता है साथ ही दूसरे हिस्से में भी लोगों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य द्वार के सामने मनमानी रूप से अतिक्रमण कर लिया जाता है जो पूरे दिन रहता है कुछ गोमती भी स्थाई रूप से रखी हुई है जिससे सड़क के काफी हिस्से में दुकानें सजती हैं और लोगों के वाहन खड़े हो जाते हैं जिससे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आने जाने के लिए सही तरीके से जगह भी नहीं बच पाती है इसलिए बड़े वाहनों को आने-जाने में और समस्या होती है टू लाइन सड़क खाली न होने की वजह से लोगों को गलत दिशा में आना जाना पड़ता है जिससे कई दफा वाहन टकरा जाते हैं और दुर्घटनाएं हो जाती हैं कई बार दुर्घटनाएं गंभीर और बड़ी भी हो जाती है जिसमें बात लोगों की जान तक आ जाती है पूर्व में कई बार ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं लोग पूरे दिन बाल बाल बचते हैं परंतु विभाग गंभीरता से ध्यान नहीं देता सिर्फ यदा कदा कोरम पूरा करता है।

केन्द्रीय बजट जनहितैषी

रामपुर बाघेलान 3 फरवरी, भाजयुमो

जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज कुशवाहा ने जारी बयान में केंद्रीय बजट 2026- 27 की सराहना करते हुए कहा की केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण व्दारा रविवार को जनहितैषी केन्द्रीय बजट प्रस्तुत किया गया जिसमें ,उच्चतर शिक्षा एसटीईएम संस्थानों के लिए हर जिले मे एक महिला छात्रावास बनाने का निर्णय, खेलो में बदलाव के लिए खेलो इण्डिया मिशन का प्रस्ताव युवाओ के हित मे होगा वही छोटे एवं सीमांत किसानो की आय मे वृध्दि हेतु जोर देना, पशुधन उघमो का संवर्धन और आधुनिकीकरण होना गाँव गरीब एवं किसानो के लिए बरदान साबित होगा.

श्रीमद् भागवत कथा में सुदामा चरित्र व परीक्षित मोक्ष प्रसंग का वर्णन

नवभारत न्यूज

उचेहरा 3 फरवरी, स्थानीय अग्रवाल पैलेस में गौतम परिवार द्वारा आयोजित संगीत मय श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिवस की पावन बेला में उपस्थित भक्त प्रेमियों को कथा वाचक पंडित मनीष गौतम शास्त्री ने भगवान .श्री कृष्ण सुदामा चरित्र विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि भगवान एक मुट्ठी चावल पाकर खुश हो गए.

इधर भगवान ने विश्वकर्मा को सुदामा का सुंदर महल बनाने का आदेश दे दिया, सुदामा द्वारा भगवान से शादी के बारे में पूछा तो

बताया कि ऐसे ही आ गई ,बाद में शादी किया पटरानियों को आशीर्वाद के लिए 5000 आशीर्वाद के बाद सुदामा थक गए, फिर पूछने पर बताया कि 16108 पटरानियां है , इस पर सुदामा जी ने इकट्ठा आशीर्वाद दे दिया ,दूसरे दिन सुदामा जी घर चलने को कहा न रुके न रोका गया, अपने नगर पहुंचने पर सुदामा जी ने कुटिया की जगह महल देखकर भ्रमित हो गए, बाद में सुशीला आई तब विश्वास हुआ, भगवान किसी को बताकर नहीं देते, अच्छा हुआ तो हमने किया खराब हुआ तो भगवान ने किया, मनुष्य को तीन यज्ञ अवश्य करना चाहिए पितृ यज्ञ, ऋषि यज्ञ और देव यज्ञ से ऋण उतर जाता है ,मां देवकी के आग्रह पर कंस द्वारा मारे गए सभी पुत्रों का दर्शन करा दिया, पूछने पर भगवान ने बताया कि सभी मेरे धाम चले गए हैं, कथावाचक ने भक्तों को सुभद्रा विवाह व राजा परीक्षित को मोक्ष होने की कथा श्री सुखदेव जी द्वारा सविस्तार से वर्णन किया।

रनेही के संकट मोचन हनुमान मंदिर में किया भंडारा

- मंगलवार व्रत के 66 वर्ष पूर्ण होने किया भण्डारा

नवभारत न्यूज

कोठी 3 फरवरी, कटनी में पुलिस निरीक्षक रहे रनेही निवासी भीष्म नारायण मिश्र ने अपने गांव रनेही में स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में मंगलवार को सुंदरकांड पाठ के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया। जिसमें गांव सहित आसपास के क्षेत्र के हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

भीष्म नारायण मिश्रा ने बताया कि अपने बाल्य काल की 11 वर्ष

की उम्र से ही प्रभु संकट मोचन हनुमान की पूजा उपासना करता चला आ रहा हूं प्रभु संकट मोचन की कृपा से उनकी प्रेरणा से मुझे 20 वर्ष में ही नौकरी मिल गई जिसके बाद में पुलिस विभाग में निरीक्षक के पद पर कार्यरत रहा और प्रति मंगलवार को अपने जीवन पर्यंत प्रभु संकट मोचन की व्रत रहकर उपासना की जिसमें मुझे जीवन में संपूर्ण सुख समृद्धि के साथ-साथ निरोग जीवन के साथ-साथ संपूर्ण संतोष की प्राप्ति हुई। आज 80 वर्ष की उम्र पूर्ण होने पर प्रभु की कृपा से गांव के संकट मोचन हनुमान मंदिर पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ के आयोजन के साथ 66 वर्ष का व्रत पूर्ण होने पर भंडारा प्रसाद वितरित किया गया जिसमें कन्या भोजन के साथ हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

शिवराजपुर में पं .धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की श्री हनुमंत कथा आज से

श्री रुद्र महायज्ञ और श्री भागवत कथा का भी होगा आयोजन, देशभर से आएंगे साधु संत

नवभारत न्यूज

नागौद 3 फरवरी, ग्राम शिवराजपुर में बागेश्वर धाम सरकार की श्री हनुमंत कथा 4 फरवरी 26 बुधवार से प्रारंभ हो रही है। कथा व्यास पं.धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज बागेश्वर धाम सरकार होंगे।

शिवराजपुर में श्री रुद्र महायज्ञ एवं हनुमंत कथा का आयोजन हर वर्ष की भांति इस वर्ष मुंबई के उद्योगपति समाजसेवी रुद्र प्रताप त्रिपाठी द्वारा किया जा रहा है। कथा व्यास पं.धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज की कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित होगी। इसके अतिरिक्त श्रीमद् भागवत कथा का भी

आयोजन होगा इसमें देश भर से हजारों संत शामिल होंगे। भगवान कथा की व्यास पीठ पर प्रयागधाम वाशिम महाराष्ट्र के पंडित निर्मल कुमार शुक्ला विराजमान होंगे। आयोजन के संयोजक गोविंद गर्ग ने बताया कि चारों पीठ के शंकराचार्य भी इस धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होंगे उन्हें शिवराजपुर लाने और वापस छोड़ने के लिए पूरे 15 दिन हेलीकॉप्टर की सुविधा उपलब्ध कराई गई है इसके लिए एक अस्थाई हेलीपैड का निर्माण भी कराया गया है। दहलाम धाम में लगे 23 एकड़ क्षेत्र में संतों और एक लाख भक्तों के ठहरने भोजन और पार्किंग की व्यवस्था की गई। श्री गर्ग ने समस्त क्षेत्र वासियों एवं समस्त जिला वासियों से अनुरोध किया है कि आप समस्त लोग इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर धर्म लाभ लें। कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित गोविंदा गर्ग, चंद्रशेखर त्रिपाठी,शिव पांडे, जगन द्विवेदी, गुड्डा शर्मा, अवनीश शर्मा, आदि समस्त लोग आपके स्वागत के लिए उपस्थित रहेंगे। आप समस्त लोग इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर धर्म लाभ लें।

गाजे - बाजे और जयकारों के बीच चोला बाबा की भव्य मूर्ति की हुई प्राण प्रतिष्ठा

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 3 फरवरी । धर्मनगरी चित्रकूट से 14 किलोमीटर दूर माता सती अनुसूइया के तपोबल से प्रगट मां मंदाकिनी गंगा किनारे श्री परमहंस आश्रम सती अनसूया के तृतीय ब्रह्मलीन पीठाधीश्वर परम पूज्य स्वामी श्री स्वामी चिदानंद उर्फ चोला बाबा जी की पुण्यतिथि पर उनकी मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन चित्रकूट के सभी मठ मंदिरों के महंतों तथा भक्तगणों की उपस्थिति में गाजे बाजे और जयकारों के बीच संपन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर परमहंस आश्रम के सभी संत एवं भक्तगण मौजूद रहे ।

मूर्ति स्थापना के अवसर पर एक बृहद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 30 से 35 साधु संत महात्मा एवं बाहर से आए हुए भक्तगण ने मौके पर पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया ।इस मूर्ति स्थापना के अवसर पर परमहंस आश्रम के सभी शाखाओं के संत एवं भक्तगण मौजूद रहे।

इस कार्यक्रम का संचालन श्री सती अनुसूया आश्रम के अध्यक्ष एवं महंत श्री नारदानंद जी महाराज पवन बाबा के द्वारा किया गया।

अल्ट्राटेक सीमेंट सरला नगर मैहर में ठेका मजदूरों की समस्या

मैहर 3 फरवरी, अल्ट्राटेक सीमेंट सरला नगर मैहर के द्वारा ठेका मजदूरों को नियम विरुद्ध प्रताऱित करने, भेदभाव करने और बिना नोटिस के कॉलिग ड्यूटी में भेजने की समस्या को लेकर विगत 31 जनवरी 26 को फैक्ट्री प्रबंधन के पदाधिकारी से चर्चा की गई थी। श्रम इंस्पेक्टर मैहर नरेश पटेल को भी पत्र दिया गया था लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। यह समस्या 2 फरवरी को ठेका मजदूरों ने भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री मनोज शुक्ला को बताई। उक्त समस्या के उचित समाधान हेतु दिनांक 10 फरवरी तक कानून की गाइडलाइन के तहत समाधान न हुआ तो भारतीय मजदूर संघ उच्च पदाधिकारी के परामर्श पर आगामी कार्यवाही करेगा। जिसकी जवाबदारी जिला प्रशासन की होगी।

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद का सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम हुआ

नागौद 3 फरवरी, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ राजेश तिवारी के दिशा-निर्देशानुसार विकासखण्ड समन्वयक अरुण प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में विकासखण्ड नागौद सेक्टर क्रमांक 1 ग्राम कचलोहा में सेक्टर स्तरीय ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश एवं नशा मुक्त अभियान का कार्यक्रम किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती अपर्णा सिंह रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में गायत्री कुशवाह, शालिनी सिंह एवं अरुण प्रताप सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती

अपर्णा सिंह द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं नशा मुक्त ग्राम बनाने की शपथ दिलाई गई। साथ ही सामाजिक समरसता, स्वच्छता एवं स्वावलंबन पर प्रकाश डाला गया। समन्वयक अरुण प्रताप सिंह द्वारा शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई तथा नशा सेवन से होने वाली शारीरिक एवं आर्थिक हानि के विषय में विस्तृत रूप से बताया गया। शालिनी सिंह द्वारा जल संरक्षण एवं नशा मुक्ति के महत्व पर जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में गाड़ापार ग्राम कल्याण समिति की अध्यक्ष श्रीमती कमला कपाड़िया की अध्यक्षता में किया गया। शरद कुमार सर के द्वारा कार्यक्रम में सहयोग हेतु मेरा ग्राम हरा भरा बनाने का संकल्प लिया गया। बच्चों द्वारा नशामुक्ति अभियान पर भाषण, गीत, नाटक, कहानी किया गया तथा रंगोली बनाई गई, तत्पश्चात पुरस्कार वितरित किया गया। कमला कपाड़िया द्वारा बेटी बचाओ अभियान एवं गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के आहार में सुझाव व्यक्त किया गया। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष रविन्द्र कोल, सचिव शांति कपाड़िया, धीरज प्रताप सिंह,आंगनवाडी कार्यकर्ता ललिता चौधरी, आशा कार्यकर्ता ,अनिता कोल, तुलसा, शिखा,वर्षा, बाबू कपाड़िया, सन्नाम, मूरत, दौदन, रामचरन कपाड़िया, चेटा,जमुना, राधा, रेखा, रन्नूसेन, पार्वती, इन्द्रा, वर्षा, रोशनी, नीलम, त्रिवेणी , लक्ष्मी, नीतू चौधरी,पूनम कपाड़िया, कार्तिक कपाड़िया, आयूष कपाड़िया सहित सभी ग्रामवासी उपस्थित रहे।

समाज की संगठित शक्ति ही राष्ट्र को सशक्त बनाती है : अवधेश सिंह

नवभारत न्यूज

सतना 3 फरवरी, ईचौल के नरहठी मण्डल में आयोजित विशाल हिन्दू सम्मेलन रगला के शिवालय धाम में संपन्न हुआ।

इस आयोजन में नर्सिंग अखाडा के महंत बाल्मीकि दास जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रही इसके अलावा मातृ शक्ति में श्रीमती अर्चना सिंह सोलंकी , सम्मेलन के मुख्य वक्ता मंडला विभाग के संगठन मंत्री अवधेश सिंह ने उद्बोधन में संघ के पंच परिवर्तन में हिन्दू समाज की एकता, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्र निर्माण में प्रत्येक नागरिक की भूमिका पर विस्तृत रुप से प्रकाश डाला । बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसमें बच्चों ने देश भक्ति गीतों पर

शानदार प्रस्तुति दिया । आयोजन में उपस्थित गणमान्य नागरिक के द्वारा भी अपने विचारों को रखा गया। कार्यक्रम का संचालन अशोक सिंह परिहार ने किया। आयोजन में हिन्दू समन्वय समिति मंडल नरहठी के सुधीर मिश्रा , रूपेश शुक्ला , तीरथ जायसवाल , अशोक ,राम सिंह , पूर्व सरपंच उरदना सहित अन्य गणमान्य नागरिको की सहभागिता रही। आयोजन की सार्थकता को देखते मंच पर सभी वर्गों के नागरिकों को स्थान दिया गया। सम्मेलन रामसेवक प्रजापति, बलमंत सिंह , अयोध्या प्रसाद उर्मलिया ,पुष्पेन्द्र सिंह नरहठी, राम कलेश चौधरी सरपंच पोंडी गारदा, श्रीमती अर्चना दुवेदी सरपंच गा?ौली, श्रीमती सुभद्रा कोल सरपंच उर्दना, उपेन्द्र सिंह ,नत्थू कोल जनपद सदस्य पपरेंगा, पूर्व सरपंच आनन्द वर्मा ,धीरज ताम्रकार, रामनरेश जायसवाल ।

सरस्वती पूजन व वार्षिकोत्सव आयोजित

रामनगर । शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला देवरी कला में वीणा वादिनी ज्ञान दायिनी मां सरस्वती का पूजन व वार्षिकोत्सव का उल्लासमयी आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जन शिक्षक, प्रधानाध्यापक , शिक्षिकों ग्रामवासियों सहित अभिभावकों की हर्षित उपस्थिति देखी गई ,पूजन उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्र/छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुति दी, तत्पश्चात पुरुष्कार वितरण में प्रतिभागी छात्र/छात्राओं सहित खेल, दौ?, बेहतर शैक्षिक प्रदर्शन के लिए , सर्वाधिक उपस्थिति, स्वच्छता व साफ सफाई ,पर्यावरण संरक्षण , नियमितता आदि के लिए सम्मानित किया गया।

अभिषेक जायसवाल ने बुजुर्गों का सम्मान कर मनाई संत रविदास जयंती

नवभारत न्यूज

मैहर 3 फरवरी ग्राम पंचायत के डेलहा भवन में मैहर मेंसंत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ संत रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं केक काटकर मनाया गया।

जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच अभिषेक जयसवाल ने समाज के वरिष्ठ बुजुर्गों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। सरपंच अभिषेक जयसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि संत रविदास जी का जीवन समाज में समानता, समरसता और भाईचारे का संदेश देता है, जिसे अपनाकर ही समाज को मजबूत बनाया जा सकता है।

कार्यक्रम में रामदेव साकेत, अरविद साकेत, संदीप साकेत, वीरेंद्र साकेत, गोविद साकेत, राजकुमार साकेत, राकेश साकेत, रमेश साकेत, दरबारी साकेत, भैयालाल साकेत, सुखलाल साकेत, राजवीर साकेत, राजाराम साकेत, अभय साकेत, विक्रम साकेत, विनय साकेत, सुनील साकेत, अमित साकेत, अश्विन साकेत, रामबोध नागेंद्र सूर्यवंशी अविनाश विक्रम संदीप उमेश सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राजेश कोरी एवं अमित जायसवाल की भी विशेष उपस्थिति रही।